(दो) विज्ञान प्रसार, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(37) (एक) टेक्नोलॉजी इनफॉरमेशन, फोरकास्टिंग एंड एसेसमेंट काउंसिल, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) टेक्नोलॉजी इनफॉरमेशन, फोरकास्टिंग एंड एसेसमेंट काउंसिल, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(38) (एक) नैनो एवं मृदु पदार्थ विज्ञान केंद्र, बेंगलुरू के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) नैनो एवं मृदु पदार्थ विज्ञान केंद्र, बेंगलुरू के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(39) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(क) (एक) सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, साहिबाबाद के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

(दो) सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, साहिबाबाद का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ख) (एक) इंडियन वैक्सिंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, गुरूग्राम के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) इंडियन वैक्सिंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, गुरूग्राम का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ग) (एक) भारत इम्युनोलॉजिकल्स एंड बायोलॉजिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बुलंदशहर के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) भारत इम्युनोलॉजिकल्स एंड बायोलॉजिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड, बुलंदशहर का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

इस्पात मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री फग्गनसिंह कुलस्ते) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(क) (एक) मेकॉन लिमिटेड, रांची के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) मेकॉन लिमिटेड, रांची का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ख) (एक) एमएसटीसी लिमिटेड, कोलकाता के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) एमएसटीसी लिमिटेड, कोलकाता का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ग) (एक) एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(घ) (एक) केआईओसीएल लिमिटेड, बेंगलूरू के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) केआईओसीएल लिमिटेड, बेंगलूरू का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ड.) (एक) एमओआईएल लिमिटेड, नागपुर के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) एमओआईएल लिमिटेड, नागपुर का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(च) (एक) राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड, विशाखापट्टनम के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड, विशाखापट्टनम का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(छ) (एक) स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इण्डिया लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इण्डिया लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) एमएसटीसी लिमिटेड तथा इस्पात मंत्रालय के बीच वर्ष 2022-2023 के लिए हुआ समझौता-ज्ञापन।

(दो) इस्पात मंत्रालय तथा स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इण्डिया लिमिटेड के बीच वर्ष 2022-2023 के लिए हुआ समझौता-ज्ञापन।

(तीन) मेकॉन लिमिटेड तथा इस्पात मंत्रालय के बीच वर्ष 2022-2023 के लिए हुआ समझौता-ज्ञापन।

(चार) इस्पात मंत्रालय तथा एनएमडीसी लिमिटेड के बीच वर्ष 2022-2023 के लिए हुआ समझौता-ज्ञापन।

(पांच) एमओआईएल लिमिटेड तथा इस्पात मंत्रालय के बीच वर्ष 2022-2023 के लिए हुआ समझौता-ज्ञापन।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) ने उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अश्विनी कुमार चौबे) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 105 की उप-धारा (1) के अंतर्गत उपभोक्ता संरक्षण (राज्य आयोग और जिला आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के लिए अर्हता, भर्ती का तरीका, नियुक्ति की प्रक्रिया,पदावधि, त्यागपत्र और हटाया जाना) (संशोधन) नियम, 2022, जो 15 सितम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 704(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) विधिक मापविज्ञान अधिनियम, 2009 की धारा 52 की उप-धारा (4) के अंतर्गत, विधिक मापविज्ञान (पैकेज्ड कोमोडिटीज) (संशोधन) नियम, 2022, जो 30 नवम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 859(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री; कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दानवे रावसाहेब दादाराव) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखेः-

(1) (एक) 36वीं इंटरनेशनल जियोलॉजिकल कांग्रेस, नई दिल्ली के 31 मार्च, 2021 को समाप्त अवधि के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) 36वीं इंटरनेशनल जियोलॉजिकल कांग्रेस, नई दिल्ली के 31 मार्च, 2021 को समाप्त अवधि के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) (एक) जवाहरलाल नेहरू एल्युमिनियम अनुसंधान विकास एवं अभिकल्प केंद्र, नागपुर के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) जवाहरलाल नेहरू एल्युमिनियम अनुसंधान विकास एवं अभिकल्प केंद्र, नागपुर के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) (एक) राष्ट्रीय शिला यांत्रिकी संस्थान, कोलार गोल्ड फील्ड्स के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) राष्ट्रीय शिला यांत्रिकी संस्थान, कोलार गोल्ड फील्ड्स के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 28 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) का.आ.3722(अ) जो 8 अगस्त, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4 की उप-धारा (1) के दूसरे परंतुक के प्रयोजनों के लिए मैसर्स कर्नाटक स्टेट मिनरल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (केएसएमसीएल) को अधिसूचित किया गया है।

(दो) का.आ.4038(अ) जो 29 अगस्त, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4 की उप-धारा (1) के दूसरे परंतुक के प्रयोजनों के लिए 'कैटगरी ए एक्सप्लोरेशन एजेंसी' के अंतर्गत मैसर्स माहेश्वरी माइनिंग प्राईवेट लिमिटेड को अधिसूचित किया गया है।

(तीन) का.आ.4596(अ) जो 29 सितम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4 की उप-धारा (1) के दूसरे परंतुक के प्रयोजनों के लिए 'कैटगरी 'ए' एक्सप्लोरेशन एजेंसी' के अंतर्गत मैसर्स जियो एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग साल्यूशंस प्राईवेट लिमिटेड, 'कैटगरी 'बी' एक्सप्लोरेशन एजेंसी' के अंतर्गत मैसर्स जियो मैरिन साल्यूशंस प्राईवेट लिमिटेड तथा 'कैटगरी 'ए' एक्सप्लोरेशन एजेंसी' के अंतर्गत मैसर्स इकोमेन लैबोरेट्रीज प्राईवेट लिमिटेड अधिसूचित किए गए हैं।

(5) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(क) (एक) नालको लिमिटेड, भुवनेश्वर के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

(दो) नालको लिमिटेड, भुवनेश्वर का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ख) (एक) भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड, कोलार गोल्ड फील्ड्स के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

(दो) भारत गोल्ड माइन्स लिमिटेड, कोलार गोल्ड फील्ड्स का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ग) (एक) हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड, कोलकाता के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

(दो) हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड, कोलकाता का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(घ) (एक) इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

(दो) इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ड.) (एक) इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

(दो) इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(च) (एक) रेल विकास निगम लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

(दो) रेल विकास निगम लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(छ) (एक) भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

(दो) भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ज) (एक) एनएलसी इंडिया लिमिटेड, चेन्नई और उसकी अनुषंगी कंपनियों के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

(दो) एनएलसी इंडिया लिमिटेड, चेन्नई और उसकी अनुषंगी कंपनियों का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(झ) (एक) कोल इण्डिया लिमिटेड, कोलकाता और उसकी अनुषंगी कंपनियों के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) कोल इंडिया लिमिटेड, कोलकाता और इसकी अनुषंगी कंपनियों का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(6) (एक) रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति।

(7) (एक) रेलवे खेलकूद संवर्धन बोर्ड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) रेलवे खेलकूद संवर्धन बोर्ड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अश्विनी कुमार चौबे) ने उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (साध्वी निरंजन ज्योति) की ओर से निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय तथा केंद्रीय भण्डारण निगम के बीच वर्ष 2022-2023 के लिए हुए समझौता ज्ञापन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) (एक) भंडारण विकास तथा विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) भंडारण विकास तथा विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी) ने संविधान के अनुच्छेद 151(1) के अंतर्गत निम्नललिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखी:-

(1) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन - संघ सरकार-राजस्व विभाग (अप्रत्यक्ष कर-माल और सेवा कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सेवा कर) (2022 का संख्यांक 14) - सबका विश्वास (लीगेसी डिस्प्यूट रिजोल्यूशन) योजना 2019।

(2) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन - संघ सरकार (रेल) - (2022 का संख्यांक 22) - 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारतीय रेल में डिरेलमेंट निष्पादन लेखापरीक्षा।

(3) 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन - संघ सरकार (रेल) - (2022 का संख्यांक 23) - रेल वित्त।

(4) 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन - संघ सरकार - (2022 का संख्यांक 25) खंड-एक - (अनुपालन लेखापरीक्षा)।

(5) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन - संघ सरकार - (रक्षा सेवाएं) रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (2022 का संख्यांक 28) (निष्पादन लेखापरीक्षा) - डीआरडीओ में मिशन मोड परियोजनाओं का प्रबंधन और परिणाम।

(6) 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन - संघ सरकार - राजस्व विभाग -प्रत्यक्ष कर - (2022 का संख्यांक 29)।

(7) 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन - संघ सरकार - (2022 का संख्यांक 30) - (राजस्व विभाग - सीमाशुल्क) (अनुपालन लेखापरीक्षा)।

(8) भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन - संघ सरकार - (2022 का संख्यांक 31) (वित्त लेखापरीक्षा) - वर्ष 2020-2021 के लिए संघ सरकार के लेखे।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया सिंह पटेल) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे :-

(1) (एक) फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशंस, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशंस, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)

(2) (एक) सर्विसेज एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) सर्विसेज एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)

(3) (एक) स्पोर्ट्स गुड्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) स्पोर्ट्स गुड्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)

(4) (एक) काउंसिल फॉर लेदर एक्स्पोर्ट्स, चेन्नई के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) काउंसिल फॉर लेदर एक्स्पोर्ट्स, चेन्नई के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)

(5) (एक) इंडियन डायमण्ड इंस्टिट्यूट, सूरत के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) इंडियन डायमण्ड इंस्टिट्यूट, सूरत के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)

(6) (एक) मरीन प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डवलपमेंट अथॉरिटी, कोच्चि के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) मरीन प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डवलपमेंट अथॉरिटी, कोच्चि के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)

(7) (एक) जेम एण्ड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, मुम्बई के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) जेम एण्ड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, मुम्बई के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)

(8) (एक) ईईपीसी इंडिया, कोलकाता के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) ईईपीसी इंडिया, कोलकाता के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(9) (एक) मसाला बोर्ड, कोच्चि के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) मसाला बोर्ड, कोच्चि के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(तीन) मसाला बोर्ड, कोच्चि के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(10) (एक) रबर बोर्ड, कोट्टायम के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) रबर बोर्ड, कोट्टायम के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(तीन) रबर बोर्ड, कोट्टायम के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(11) (एक) कॉफी बोर्ड, बेंगलुरु के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) कॉफी बोर्ड, बेंगलुरु के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(तीन) कॉफी बोर्ड, बेंगलुरु के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(12) (एक) भारतीय चाय बोर्ड, कोलकाता के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) भारतीय चाय बोर्ड, कोलकाता के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(तीन) भारतीय चाय बोर्ड, कोलकाता के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(13) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) ईसीजीसी लिमिटेड, मुम्बई के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) ईसीजीसी लिमिटेड, मुम्बई का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव चन्द्रशेखर) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 1 की उप-धारा (5) के अंतर्गत अधिसूचना सं. का. आ. 4720(अ), जो 4 अक्तूबर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा उक्त अधिनियम की प्रथम अनुसूची में कतिपय संशोधन किए गए हैं, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 87 की उप-धारा (2) के अंतर्गत सूचना प्रौद्योगिकी (अनुषंगी दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) संशोधन नियम, 2022 जो 28 अक्तूबर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 794(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन, नई दिल्ली का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) (एक) हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) (एक) ऊन और ऊनी वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) ऊन और ऊनी वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) (एक) हथकरघा विकास एवं निर्यात संवर्धन परिषद, मुम्बई के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) हथकरघा विकास एवं निर्यात संवर्धन परिषद, मुम्बई के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) (एक) सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल स्कूल ऑफ टेक्सटाइल्स एंड मैनेजमेंट, कोयम्बटूर के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल स्कूल ऑफ टेक्सटाइल्स एंड मैनेजमेंट, कोयम्बटूर के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) राष्ट्रीय पटसन बोर्ड अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उप-धारा 4(ख) के अंतर्गत अधिसूचना सं. का.आ. 4904(अ), जो 17 अक्तूबर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसका आशय 29 सितंबर, 2022 से दो साल की अवधि के लिए राष्ट्रीय पटसन बोर्ड का पुनर्गठन करना है तथा जिसमें, उसमें उल्लिखित अध्यक्ष, सदस्य और सदस्य सचिव शामिल होंगे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(6) (एक) कार्पेट निर्यात संवर्धन परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) कार्पेट निर्यात संवर्धन परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(7) (एक) हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद, चेन्नई के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद, चेन्नई के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(8) (एक) सिंथेटिक और रेयॉन वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद, मुम्बई के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) सिंथेटिक और रेयॉन वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद, मुम्बई के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(9) (एक) परिधान निर्यात संवर्धन परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) परिधान निर्यात संवर्धन परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(10) (एक) ऊन उद्योग निर्यात संवर्धन परिषद, मुंबई के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षित प्रतिवेदन।

(दो) ऊन उद्योग निर्यात संवर्धन परिषद, मुंबई के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(11) (एक) सूती वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद, मुम्बई के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) सूती वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद, मुम्बई के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोम प्रकाश) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) विस्फोटक अधिनियम, 1884 की धारा 14 की उप-धारा (2) के अंतर्गत जारी अधिसूचना सं. का.आ.5282(अ), जो 14 नवम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसका आशय भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन को विस्फोटक नियम, 2008 के सभी उपबंधों के लागू होने से छूट प्रदान करना है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) (एक) राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास और कार्यान्वयन न्यास, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास और कार्यान्वयन न्यास, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(तीन) राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास और कार्यान्वयन न्यास, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) (एक) भारतीय गुणवत्ता परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) भारतीय गुणवत्ता परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) (एक) राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(5) (एक) राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, भोपाल के वर्ष 2019-2020 और 2020-2021 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, भोपाल के वर्ष 2019-2020 और 2020-2021 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(6) उपर्युक्त (5) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले दो विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(7) (एक) राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, आंध्र प्रदेश के वर्ष 2019-2020 और 2020-2021 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, आंध्र प्रदेश के वर्ष 2019-2020 और 2020-2021 के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

(8) उपर्युक्त (7) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले दो विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(9) (एक) राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, असम के वर्ष 2019-2020 और 2020-2021 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(10) उपर्युक्त (9) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाले दो विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(11) (एक) राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, हरियाणा के वर्ष 2019-2020 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, हरियाणा के वर्ष 2019-2020 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(12) उपर्युक्त (11) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(13) उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 की धारा 6 के अंतर्गत अधिसूचना सं. का.आ.4091(अ), जो दिनांक 1 सितम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा लुगदी, कागज और संबद्ध उद्योगों के लिए विकास परिषद की स्थापना की गयी है तथा इस आदेश के प्रकाशन की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए उक्त परिषद के सदस्यों के रूप में उनमें उिल्लखित व्यक्तियों को नियुक्त किया गया है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(14) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) जम्मू-कश्मीर विकास वित्त निगम लिमिटेड, श्रीनगर के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) जम्मू-कश्मीर विकास वित्त निगम लिमिटेड, जम्मू का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री देवुसिंह चौहान) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 की धारा 37 के अंतर्गत दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं इंटरकनेक्शन (एड्रेसेबल सिस्टम्स) (चौथा संशोधन) विनियम, 2022, जो 22 नवम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एफ सं. आरजी-1/2/(2)/2022-बी एंड सीएस (2) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) (एक) सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(3) भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 की धारा 7 की उप-धारा (5) के अंतर्गत भारतीय टेलीग्राफ मार्ग का अधिकार (संशोधन) नियम, 2022 जो 18 अगस्त, 2022 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि.635(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(क) (एक) टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ख) (एक) आईटीआई लिमिटेड, बेंगलूरु के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) आईटीआई लिमिटेड, बेंगलूरु का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ग) (एक) महानगर टेलीकॉम निगम लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) महानगर टेलीकॉम निगम लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(घ) (एक) भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(ङ) (एक) भारत संचार निगम लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2021-2022 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) भारत संचार निगम लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2021-2022 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भागवत किशनराव कराड़) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) संविधान के अनुच्छेद 151(1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन-संघ सरकार (वाणिज्यिक) (2022 का संख्यांक 27)-केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के सामान्य प्रयोजन संबंधी वित्तीय प्रतिवेदन (अनुपालन लेखापरीक्षा)।

(दो) 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन-संघ सरकार (वाणिज्यिक) (2022 का संख्यांक 33)- अनुपालन लेखापरीक्षा टिप्पणियां।

(2) वर्ष 2021-2022 के लिए लोक उद्यम सर्वेक्षण-केंद्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के कार्य-निष्पादन पर वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

3. अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के प्रतिवेदन

श्री राजेश वर्मा ने अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किए:-

(1) वित्त मंत्रालय (वित्तीय सेवाएं विभाग) से संबंधित 'केनरा बैंक में नियोजन में अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने तथा उनके कल्याण के लिए किए गए उपाय' विषय के बारे में समिति (2022-23) का पंद्रहवां प्रतिवेदन।

(2) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय से संबंधित 'भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेड (गेल) में नियोजन में अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने तथा उनके कल्याण के लिए किए गए उपाय' विषय के बारे में समिति (2022-23) का सोलहवां प्रतिवेदन।

(3) नागर विमानन मंत्रालय से संबंधित 'भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) में नियोजन में अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने तथा उनके कल्याण के लिए किए गए उपाय' के बारे में समिति (2022-23) का सत्रहवां प्रतिवेदन।

(4) संचार मंत्रालय (दूरसंचार विभाग) से संबंधित 'बीएसएनएल और एमटीएनएल में नियोजन में अन्य पिछड़े वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने तथा उनके कल्याण के लिए किए गए उपाय' के बारे में समिति (2022-23) का अठारहवां प्रतिवेदन।

4. सभा पटल पर रखे गये पत्रों संबंधी समिति के प्रतिवेदन

श्री गिरीश चन्द्र ने सभा पटल पर रखे गये पत्रों संबंधी समिति (2022-23) का 99वां, 100वां और 101वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किए।

5. विदेशी मामलों संबंधी स्थायी समिति का प्रतिवेदन

श्री पी.पी. चौधरी ने 'अन्य देशों के साथ प्रत्यर्पण संधियों सहित भारत और अंतर्राष्ट्रीय विधि, शरण संबंधी मुद्दे, अंतर्राष्ट्रीय साइबर-सुरक्षा और वित्तीय अपराधों के मुद्दे' विषय के बारे में विदेशी मामलों संबंधी स्थायी समिति के नौवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के बारे में समिति (सत्रहवीं लोक सभा) का अठारहवां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया।

6. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस संबंधी स्थायी समिति का प्रतिवेदन

श्री रोड़मल नागर ने 'सीबीजी (सतत) के कार्यान्वयन की समीक्षा' के बारे में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस संबंधी स्थायी समिति (2022-23) का सत्रहवां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत किया।

7. कार्य मंत्रणा समिति का प्रतिवेदन

श्री अधीर रंजन चौधरी ने कार्य मंत्रणा समिति का अड़तीसवाँ प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

अपराह्न 12.06 बजे

8. मंत्रियों द्वारा वक्तव्य

(1) पंचायती राज मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कपिल मोरेश्वर पाटील) ने ग्रामीण विकास मंत्री; तथा पंचायती राज मंत्री (श्री गिरिराज सिंह) की ओर से निम्नलिखित विवरण सभा पटल पर रखे:-

(एक) पंचायती राज मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2018-19) के बारे में ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति के अड़तालीसवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(दो) पंचायती राज मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2019-20) के बारे में ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति के दूसरे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(तीन) पंचायती राज मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2020-21) के बारे में ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति के छठे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(चार) पंचायती राज मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2021-22) के बारे में ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति के पंद्रहवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(2) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजीव चन्द्रशेखर) ने रेल मंत्री; संचार मंत्री; तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री अश्वनी वैष्णव) की ओर से निम्नलिखित विवरण सभा पटल पर रखे:-

(एक) इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2021-2022) के बारे में सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति के चौबीसवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(दो) इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-2023) के बारे में सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति के पैंतीसवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(3) इस्पात मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री फग्गनसिंह कुलस्ते) ने इस्पात मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-23) के बारे में कोयला, खान और इस्पात संबंधी स्थायी समिति के अट्ठाईसवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक विवरण सभा पटल पर रखा।

(4) उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अश्विनी कुमार चौबे) ने उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (साध्वी निरंजन ज्योति) की ओर से खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-23) के बारे में खाद्य, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण संबंधी स्थायी समिति के अठारहवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक विवरण सभा पटल पर रखा।

(5) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोम प्रकाश) ने उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से संबंधित 'भारत में बौद्धिक सम्पदा अधिकार तंत्र की समीक्षा' के बारे में विभाग से संबंधित वाणिज्य संबंधी संसदीय स्थायी समिति के 161वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी समिति के 169वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक विवरण सभा पटल पर रखा।

अपराह्न 12.08 बजे

9. नियम 377 के अधीन मामले।

अध्यक्षपीठ के निदेशानुसार, निम्नलिखित सदस्यों ने नियम 377 के अधीन उठाए जाने वाले विभिन्न मामलों, जैसा कि प्रत्येक सदस्य के नाम के आगे दर्शाया गया है, पर अपने विवरण सभा पटल पर रखे:-

1) श्री आर के सिंह पटेल द्वारा अयोध्या से चित्रकूट तक 'राम गमन मार्ग' के निर्माण के बारे में।
2) श्री संजय सेठ द्वारा आजाद हिंद फौज के सिपाही लेफ्टिनेंट बाणेश्वर राय की सेवाओं को मान्यता देने और उनके परिवार को पर्याप्त सरकारी हितलाभ प्रदान किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।
3) श्री तपन कुमार गोगोई द्वारा असम में सिबसागर से सोनारी तथा नामटोला से सपेखाती तक सड़कों का राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकास के बारे में।
4) श्री बिद्युत बरन महतो द्वारा कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान शुरू की गई विशेष रेलगाड़ियों में यात्रा करने वाले वरिष्ठ नागरिकों और आम जनता के लिए रेलवे टिकट के किराए में रियायत को बहाल किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।
5) श्री पी.पी. चौधरी द्वारा पाली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सड़कों का राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकास के लिए स्वीकृति की आवश्यकता के बारे में ।
6) श्री सुरेश पुजारी द्वारा बारगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के झारसुगुडा जिले में पर्यावरणीय प्रदूषण फैलाने वाली एक निजी कंपनी की केंद्रीय टीम द्वारा जांच किये जाने के बारे में ।
7) श्री सुनील कुमार सोनी द्वारा छत्तीसगढ़ में 'हर घर नल से जल' योजना के कार्यन्वयन में अनियमितता के बारे में।
8) श्री होरेन सिंग बे द्वारा स्वायत्तशासी राज्यों की मांग के बारे में।
9) श्री बसंत कुमार पंडा द्वारा ओडिशा के नुआपड़ा जिले में अपर जोंक सिंचाई परियोजना को पर्यावरण संबंधी मंजूरी दिए जाने के बारे में ।

10) डॉ ढाल सिंह बिसेन द्वारा मध्य प्रदेश में बालाघाट एवं सिवनी जिले के लिए बेहतर रेल कनेक्टिविटी के बारे में ।

11) श्री जामयांग शेरिंग नामग्याल द्वारा संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख में सड़कों का निर्माण किए जाने के बारे में।

12) श्रीमती जसकौर मीना द्वारा राजस्थान के दौसा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में दिल्ली-मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग पर सर्विस लेन की व्यवस्था के बारे में ।

13) डॉ. मनोज राजोरिया द्वारा धौलपुर जिले के राजाखेड़ा से उत्तर प्रदेश के इटावा तक एक राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण की आवश्यकता के बारे में ।

14) श्री प्रदीप कुमार सिंह द्वारा सीमा पार से तस्करी पर निगरानी बढ़ाने के लिए बिहार के अररिया के सीमावर्ती क्षेत्रों में सेना और केंद्रीय पुलिस बलों की इकाइयों को तैनात किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

15) श्री विजयकुमार उर्फ विजय वसंत द्वारा कन्याकुमारी जिले में पर्यटन के विकास के बारे में।

16) श्री दीपक बैज द्वारा छत्तीसगढ़ में दल्ली रजहारा-जगदलपुर-रावघाट रेलवे लाइन का निर्माण किए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

17) डॉ. शशि थरूर द्वारा केरल में प्रतिबंधित नशीले पदार्थों के सेवन में वृद्धि के बारे में।

18) डॉ. टी.आर. पारिवेन्धर द्वारा पेरम्बलुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में राष्ट्रीय लघु फसल अनुसंधान केन्द्र की स्थापना के बारे में ।

19) श्री के. रघु राम कृष्ण राजू द्वारा आंध्र प्रदेश के राजका समुदाय को अनुसूचित जाति श्रेणी में शामिल किए जाने के बारे में।

20) श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी द्वारा कृषि आपदा प्रतिकर निधि की स्थापना के बारे में।

21) श्री सुनील कुमार मंडल द्वारा बर्धमान पूर्व संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सोलर सबमर्सिबल वाटर पंपों को लगाने के बारे में ।

22) श्रीमती अपरूपा पोद्दार द्वारा भारतीय चिकित्सा प्रशासनिक सेवा संवर्ग के सृजन के बारे में।

23) श्री विनायक राऊत द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत लाभार्थियों की आय सीमा बढ़ाए जाने की आवश्यकता के बारे में ।

24) श्री महाबली सिंह द्वारा सहारा इंडिया समूह में निवेश करने वाले लोगों की जमा राशि की वापसी के बारे में।

25) एडवोकेट ए.एम. आरिफ़ द्वारा ईपीएफ पेंशनभोगियों को बढ़ी हुई पेंशन की स्वीकृति के बारे में।

26) श्री पी. रविन्द्रनाथ द्वारा निर्माण क्षेत्र में कार्यरत महिला श्रमिकों के कौशल विकास के बारे में।

अपराह्न 12.09 बजे

10. सांविधिक संकल्प

(एक) श्री पंकज चौधरी ने श्रीमती निर्मला सीतारमण की ओर से निम्नलिखित संकल्प पेश किया:-

"वित्त अधिनियम, 2002 की धारा 147 के अनुसरण में, यह सभा अधिसूचना सं. 25/2022-केंद्रीय उत्पाद-शुल्क, दिनांक 31 अगस्त, 2022 [सा.का.नि. 671(अ) दिनांक 31 अगस्त, 2022] का एतदद्वारा अनुमोदन करती है जिसका आशय वित्त अधिनियम, 2002 की आठवीं अनुसूची में संशोधन करना है ताकि विमानन टरबाइन ईंधन पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को संशोधित किया जा सके।"

संकल्प पर मतदान हुआ और स्वीकृत हुआ।

(दो) श्री पंकज चौधरी ने श्रीमती निर्मला सीतारमण की ओर से निम्नलिखित संकल्प पेश किया:-

"सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 8(1) के अनुसरण में, यह सभा अधिसूचना सं. 49/2022-सीमा-शुल्क, दिनांक 8 सितंबर, 2022 [सा.का.नि. 689(अ) दिनांक 8 सितंबर, 2022] का एतदद्वारा अनुमोदन करती है जिसका आशय सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम की दूसरी अनुसूची में संशोधन करना है ताकि चावल की विनिर्दिष्ट क़िस्मों पर निर्यात शुल्क उद्गृहीत किया जा सके।"

संकल्प पर मतदान हुआ और स्वीकृत हुआ।

अपराह्न 12.11 बजे

11. नियम 193 के अधीन चर्चा

अनुमेय समय: 02 घंटे

लिया गया समय: 07 घंटे 13 मिनट

देश में मादक द्रव्यों के सेवन की समस्या और इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर श्रीमती हरसिमरत कौर बादल द्वारा 20 दिसंबर, 2022 को उठाई गई चर्चा पर आगे बहस जारी रही।

निम्नलिखित सदस्यों ने वाद-विवाद में भाग लिया :-

1. श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन
2. श्रीमती सुनीता दुग्गल
3. श्री गौरव गोगोई
4. डॉ. एस.टी. हसन
5. श्री मनोज कुमार तिवारी
6. श्री रितेश पाण्डेय
7. श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी
8. श्री बैन्नी बेहनन
9. श्री दिलीप शइकीया
10. प्रो. सौगत राय
11. *श्री सोम प्रकाश
12. श्री राहुल रमेश शेवाले
13. श्री पी. रविन्द्रनाथ
14. श्री जगदम्बिका पाल
15. श्री के. राम मोहन नायडू
16. श्री रतन लाल कटारिया
17. श्री राजमोहन उन्नीथन
18. श्री जुगल किशोर शर्मा
19. श्री श्रीकृष्णा देवरायालू लावू
20. डॉ अमर सिंह

* वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

21. डॉ राजदीप राय

22. श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटील

[@]श्री अमित शाह ने वाद-विवाद का उत्तर दिया।

चर्चा पूरी हुई।

तत्पश्चात अध्यक्ष ने सभा की ओर से मादक द्रव्यों के सेवन की समस्या के बारे में एक संकल्प[$] किया।

अपराह्न 2.57 बजे

12. सरकारी विधेयक पर राज्य सभा के संशोधन - स्वीकृत हुए।

[*]*संविधान (अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां) आदेश, (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2022*

विधेयक, लोक सभा द्वारा यथापारित में राज्य सभा द्वारा किए गए निम्नलिखित संशोधनों पर विचार किए जाने का प्रस्ताव श्री अर्जुन मुंडा द्वारा पेश किया गया।

<u>पहली अनुसूची</u>

1. पृष्ठ 3, पंक्ति 5, में "संत रविदास नगर" शब्दों ***<u>के स्थान पर</u>*** "भदोही" शब्द ***<u>प्रतिस्थापित</u>*** किया जाए।

<u>दूसरी अनुसूची</u>

2. पृष्ठ 4, पंक्ति 5, में "संत रविदास नगर" शब्दों ***<u>के स्थान पर</u>*** "भदोही" शब्द ***<u>प्रतिस्थापित</u>*** किया जाए।

विचार के लिए प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री अर्जुन मुंडा द्वारा विधेयक में राज्य सभा द्वारा किए गए संशोधनों को स्वीकार करने का प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और संशोधन स्वीकृत हुए।

[@] गृह मंत्री; तथा सहकारिता मंत्री

[$] मूल हिंदी में। विवरण के लिए, उस दिन का वाद-विवाद देखे।

[*] विधेयक को लोक सभा द्वारा 1 अप्रैल, 2022 को पारित किया गया था और राज्य सभा को उसकी सहमति के लिए भेजा गया था। राज्य सभा ने 14 दिसम्बर, 2022 को हुई अपनी बैठक में विधेयक को संशोधनों के साथ पारित किया और उसी दिन लोक सभा को लौटाया।

अपराह्न 3.00 बजे

13. सरकारी विधेयक - पारित

संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (पांचवा संशोधन) विधेयक, 2022

आवंटित समय: 02 घंटे

लिया गया समय: 03 घंटे 14 मिनट

श्री अर्जुन मुंडा द्वारा विधेयक पर विचार किए जाने का प्रस्ताव पेश किया गया।

निम्नलिखित सदस्यों ने वाद-विवाद में भाग लिया :-

1. श्री दीपक बैज
2. श्री अरुण साव
3. डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.
4. श्रीमती अपरूपा पोद्दार
5. डॉ. संजीव कुमार शिंगरी
6. श्री राजेन्द्र धेड्या गावित
7. श्री पिनाकी मिश्रा
8. श्री गिरीश चन्द्र
9. श्री नामा नागेश्वर राव
10. श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले
11. श्री सुनील कुमार सोनी
12. श्री विनसेंट एच. पाला
13. श्री कनि के. नवास
14. श्री हसनैन मसूदी
15. श्री पी. रविन्द्रनाथ
16. श्री प्रद्युत बोरदोलोई
17. श्रीमती गोमती साय
18. श्री फ्रांसिस्को कोस्मे सर्दिन्हा
19. श्री चुन्नी लाल साहू
20. श्री अधीर रंजन चौधरी
21. श्री राहुल रमेश शेवाले
22. डॉ. निशिकांत दुबे
23. श्री मलूक नागर

24. श्री संतोष पान्डेय
25. डॉ. हिना विजयकुमार गावीत
26. श्री गुमान सिंह दामोर

श्री अर्जुन मुंडा ने वाद-विवाद का उत्तर दिया।

विचार किए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ और विधेयक को खंड-वार विचार करने के लिए लिया गया।

खंड 2 स्वीकृत हुआ।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम भी स्वीकृत हुए।

श्री अर्जुन मुंडा द्वारा विधेयक को पारित किए जाने का प्रस्ताव पेश किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ तथा विधेयक पारित हुआ।

[#]सायं 6.45 बजे

(लोक सभा गुरुवार, 22 दिसम्बर, 2022 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

उत्पल कुमार सिंह
महासचिव

[#] सायं 6.14 बजे से सायं 6.45 बजे तक, सदस्यों ने अविलम्बनीय लोक महत्व के मामले उठाए।

लोक सभा

समाचार - भाग 1

(कार्यवाही का संक्षिप्त वृतांत)

गुरुवार, 22 दिसम्बर, 2022/ 1 पौष, 1944 (शक)

संख्या 204

पूर्वाह्न 11.00 बजे

1. निधन संबंधी उल्लेख

अध्यक्ष ने श्री कृष्णमराजू, बारहवीं और तेरहवीं लोकसभा के सदस्य; श्री धनिक लाल मंडल, छठी और सातवीं लोक सभा के सदस्य; श्री फूलचंद वर्मा, पांचवीं से सातवीं, नौवीं और दसवीं लोक सभा के सदस्य; श्री गडाख तुकाराम गंगाधर, चौदहवीं लोक सभा के सदस्य; श्री टी. राधाकृष्णन, सोलहवीं लोक सभा के सदस्य; श्री मोहन जेना, चौदहवीं और पंद्रहवीं लोक सभा के सदस्य; और श्री रणजीत सिंह ब्रह्मपुरा, सोलहवीं लोक सभा के सदस्य के निधन के संबंध में उल्लेख किया।

तत्पश्चात, सदस्यगण दिवंगत आत्माओं के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़े रहे।

पूर्वाह्न 11.07 बजे

2. अध्यक्ष द्वारा टिप्पणी[@]

अध्यक्ष ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के पुनः बढ़ते मामलों के बारे में टिप्पणी की और सदस्यों से कोविड मानदंडों का पालन करने के लिए अनुरोध किया।

पूर्वाह्न 11.08 बजे

3. अध्यक्ष द्वारा टिप्पणी[@]

अध्यक्ष ने सदस्यों से सभा की मर्यादा और गरिमा बनाए रखने की अपील की।

[@] मूल हिन्दी में। विवरण के लिए उस दिन का वाद-विवाद देखें।

4. तारांकित प्रश्न

तारांकित प्रश्न संख्या 221 को लिया गया।

(व्यवधान के कारण, लोक सभा पूर्वाह्न 11.10 बजे स्थगित हुई

और मध्याह्न 12.00 बजे पुनः समवेत हुई)

तारांकित प्रश्न संख्या 222 से 240 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

5. अतारांकित प्रश्न

अतारांकित प्रश्न संख्या 2531 से 2760 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

मध्याह्न 12.00 बजे

6. सभा पटल पर रखे गए पत्र

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (सेवानिवृत्त) वी.के. सिंह) ने निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखे:-

(1) वायुयान अधिनियम, 1934 की धारा 14क के अंतर्गत अधिसूचना सं. सा.का.नि. 702(अ) जो 15 सितम्बर, 2022 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा नागर विमानन मंत्रालय (वायुयान प्रचालनों की सुरक्षा हेतु ऊंचाई प्रतिबंध) नियम, 2015 में कतिपय संशोधन किए गए हैं, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण)

